# अध्याय 10: हांगकांग पुलिस बल

## 999 आपातस्थिति कॉल

यदि आप किसी आपात स्थिति में फँस जाते हैं और आपको पुलिस, अग्निशमन सेवा विभाग या अस्पतालों की तत्काल सहायता की आवश्यकता है तो **999** डायल करें। आपकी कॉल का शीघ्र उत्तर दिया जाएगा और सहायता भेजी जाएगी।

लेकिन आप आपात स्थिति में नहीं हैं तो 999 डायल न करें – इसकी बजाय नजदीकी पुलिस स्टेशन में इसकी सूचना दें। इसमें कुछ व्यय नहीं होता है, और डेस्क अधिकारी सहायक तथा विनम्र व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित हैं।

## पुलिस स्टेशन

हांगकांग में पुलिस स्टेशन दिन में 24 घंटे खुले रहते हैं। यदि आप किसी मामले की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो अंग्रेजी बोलने वाले अधिकारी आपकी सहायता करने के लिए सभी स्टेशनों पर ड्यूटी पर हैं।

पुलिस स्टेशनों के टेलीफोन नंबर निम्नलिखित हैं:

| हांगकांग आइलैंड पुलिस स्टेशन | | कोवलून पश्चिम क्षेत्र पुलिस स्टेशन | |
|---|---|---|---|
| Central | 3661-1600 | Yau Ma Tei | 3661-1652 |
| Peak | 3661-1604 | Tsim Sha Tsui | 3661-1650 |
| Western | 3661-1618 | Mong Kok | 3661-1642 |
| Aberdeen | 3661-1614 | Sham Shui Po | 3661-1646 |
| Stanley | 3661-1616 | Cheung Sha Wan | 3661-1644 |
| Wan Chai | 3661-1612 | Kowloon City | 3661-1640 |
| Happy Valley | 3661-1610 | Hung Hom | 3661-1638 |
| North Point | 3661-1608 | Traffic Kowloon West | 3661-1654 |
| Chai Wan | 3661-1606 | | |
| Traffic Hong Kong Island | 3661-1620 | | |

| कोवलून ईस्ट ऑफिस पुलिस स्टेशन | | न्यू टैरीटरीज दक्षिणी क्षेत्र पुलिस स्टेशन | |
|---|---|---|---|
| Wong Tai Sin | 3661-1632 | Tsuen Wan | 3661-1708 |
| Sai Kung | 3661-1630 | Kwai Chung | 3661-1690 |
| Kwun Tong | 3661-1622 | Tsing Yi | 3661-1692 |
| Tseung Kwan O | 3661-1624 | Sha Tin | 3661-1702 |
| Sau Mau Ping | 3661-1628 | Tin Sum | 3661-1706 |
| Ngau Tau Kok | 3661-1626 | Ma On Shan | 3661-1700 |
| Traffic Kowloon East | 3661-1636 | Lantau North | 3661-1694 |
| | | Mui Wo | 3661-1696 |
| | | Airport District | 3661-1688 |
| | | Penny's Bay Police Post | 3661-1698 |
| | | Traffic New Territories South | 3661-1710 |

| न्यू टैरीटरीज उत्तर क्षेत्र पुलिस स्टेशन | | समुद्री क्षेत्र पुलिस स्टेशन और पोस्ट | |
|---|---|---|---|
| Sha Tau Kok | 3661-1664 | Marine East | 3661-1718 |
| Ta Kwu Ling | 3661-1666 | Marine South | 3661-1724 |
| Lok Ma Chau | 3661-1658 | Marine West | 3661-1726 |
| Yuen Long | 3661-1680 | Marine North | 3661-1722 |
| Tin Shui Wai | 3661-1678 | Cheung Chau | 3661-1712 |
| Pat Heung | 3661-1676 | Peng Chau | 3661-1716 |
| Tai Po | 3661-1674 | Lamma Island | 3661-1714 |
| Sheung Shui | 3661-1672 | Sok Kwu Wan | 3661-1736 |
| Tuen Mun | 3661-1670 | Marine Harbour | 3661-1720 |
| Castle Peak | 3661-1668 | | |
| Traffic New Territories North | 3661-1684 | | |

| सेंट्रल सर्विस सेंटर | | | 3661-1602 |
|---|---|---|---|
| **रिपोर्टिंग सेंटर** | | | |
| Shau Kei Wan | 3661-1620 | Shek Kip Mei | 3661-1648 |
| Siu Lek Yuen | 3661-1704 | Tsz Wan Shan | 3661-1634 |
| Lok Ma Chau Control Point | 3661-1660 | Lok Ma Chau Spur Line Control Point | 3661-1662 |
| Lo Wu Control Point | 3661-1656 | Man Kam To Control Point | 3661-1686 |
| Shenzhen Bay Port | 3661-1682 | Kai Tak Cruise Terminal | 3661-1796 |
| West Kowloon Station | 3661-1794<br>3661-1795 | Hong Kong-Zhuhai-Macao Bridge Hong Kong Port | 3195-2342 |
| Yau Ma Tei | 3661-1653 | | |

| रिपोर्ट हॉटलाइनें | | पूछताछ हॉटलाइनें | |
|---|---|---|---|
| Police Hotline | 2527-7177 | Recruitment Matters | 2860-2860 |
| Organised Crime and Triad Hotline | 2527-7887 | Complaints Against Police Office | 2866-7700 |
| Police Drug Reporting Hotline | 2527-1234 | Certificate of No Criminal Conviction Office | 2396-5351 |
| Commercial and Technology Crime Hotline | 2860-5012 | Licensing Matters | 2866-2973 |
| | | Sexual Conviction Record Check Office | 3660-7497 |
| | | "Anti-Scam Helpline" Public Enquiry Hotline | 18222 |

हांगकांग पुलिस बल की वेबसाइट: www.police.gov.hk.

## आपके अधिकार

### *यदि पुलिस मुझे रोकती है तो मुझे क्या करना चाहिए?*

हर बार आप जब भी बाहर जाएं तो अपनी पहचान का प्रमाण साथ ले जाना याद रखें। पहचान का प्रमाण आपका हांगकांग पहचान पत्र कार्ड, अस्थायी हांगकांग पहचान कार्ड या आपका पासपोर्ट हो सकता है।

कानून द्वारा, एक पुलिस अधिकारी:

- आपको रोक सकता है और मांग कर सकता है कि आप निरिक्षण के लिए पहचान का प्रमाण दिखाए यदि उसे आपको व्यवहार संदेहास्पद लगता है।
- आपके पते, आप कहां जा रहे हैं, या आप क्या कर रहे हैं आदि के बारे में आपसे प्रश्न पूछ सकता है।
- उचित अवधि के लिए आपको बंद कर सकता है यदि पुलिस अधिकारी को संदेह होता है कि आपने अपराध किया है।
- किसी भी ऐसी चीज के लिए आपकी तलाशी ले सकता है जिससे पुलिस अधिकारी या जनता की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है।

***चेतावनी:***
***जब पुलिस काम कर रही हो तो उनका विरोध न करें या उन पर हमला भी न करें। अन्यथा, आप पर मुकदमा चलाया जा सकता है।***

यदि आपको पुलिस अधिकारी की पहचान के बारे में संदेह है तो उसे निरिक्षण के लिए अपना वारंट कार्ड दिखाने को कहें। इस पर अधिकारी का फोटोग्राफ, नाम, रैंक, विशिष्ट पहचान संख्या और बैज होता है। कार्ड के सामने और पीछे के हिस्से में "हांगकांग पुलिस" मुद्रित होता है।

यदि तलाशी में शारीरिक संपर्क शामिल होता है, तो यह कार्य समान लिंग वाले पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाएगा। आप पुलिस स्टेशन में तलाशी लेने का अनुरोध कर सकते हैं।

*यदि आप पुलिस की हिरासत में हैं तो आपके क्या अधिकार हैं?*

1. **विधिक सहायता माँगना**

- वकील को निजी टेलीफोन कॉल करना, या लिखित में अथवा व्यक्तिगत तौर पर वकील से बातचीत करना।
- पुलिस के साथ इंटरव्यू के दौरान वकील का उपस्थित होना।
- निजी तौर पर बातचीत करना या आपकी ओर से तीसरे व्यक्ति द्वारा अनुदेश देने का दावा करने वाले वकील से बातचीत करने से इनकार करना।
- लॉ सोसायटी ऑफ़ हांगकांग की प्रकाशित सॉलीसीटर्स की सूची प्रदान करना।

2. **किसी व्यक्ति को बताना कि आप पुलिस स्टेशन में हैं**

- किसी संबंधी या मित्र को यह सूचित करने की कोशिश करना पुलिस के लिए आवश्यक है कि आप पुलिस स्टेशन में हैं और इसके परिणाम की सूचना देना भी जरुरी है।

3. **किसी संबंधी या मित्र से बातचित करना**

- टेलीफोन से किसी संबंधी या मित्र से बातचीत करने के उचित अवसर दिए जाने चाहिए।
- किसी संबंधी या मित्र से मुलाकात करने देना। यदि आपको गिरफ्तार किया गया या निरुद्ध किया जाता है तो ऐसी मुलाकात के लिए ड्यूटी अधिकारी की अनुमति आवश्यक है।
- लेखन सामग्री प्रदान करना और जितना व्यवहारिक हो उतनी शीघ्रता से आपके अपने खर्चे पर डाक से पत्र भेजना।

4. **सावधानी से लिखित रिकॉर्ड की प्रतियां प्राप्त करना**

- इंटरव्यू के बाद जितना व्यवहारिक हो उतनी शीघ्रता से आपके लिखित रिकॉर्ड की प्रति की आपूर्ति करना।
- जब तक आपको सावधानी से लिखित रिकॉर्ड की प्रति प्रदान नहीं कर दी जाती है तो उत्तरवर्ती प्रश्नों के उत्तर देने से इनकार करना।

**5. यदि आप विदेशी नागरिक हैं तो दूतावास से बातचीत करना**

- (i) दूतावास के प्रतिनिधियों या आपके गृह देश के संबंधित प्राधिकारी अथवा (ii) ऐसे प्रतिनिधियों द्वारा आपके लिए व्यवस्था किए गए किसी वकील के साथ निजी तौर पर मुलाकात करना या बातचीत करना।

**6. यदि आप विदेशी नागरिक हैं तो दूतावास को अधिसूचना**

- आपकी गिरफ़्तारी या निरुद्ध किए जाने के बारे में हांगकांग में आपके गृह देश के दूतावास को सूचित करना पुलिस के लिए जरुरी है।
- यदि हांगकांग में दूतावास संबंधी कोई प्रतिनिधित्व नहीं है तो आपकी गिरफ्तारी या निरुद्ध किए जाने के बारे में आपके गृह देश के संबंधित प्राधिकारी को सूचित करना पुलिस के लिए जरुरी है।

**7. भोजन और पेय पदार्थों का प्रावधान**

- पुलिस हिरासत में रहने के दौरान अनुरोध करने पर पेय जल प्रदान किया जाना।
- पेय पदार्थ के साथ दिन में तीन बार भोजन दिया जाना।
- विशेष कारण से, जैसे धार्मिक जरूरत या कैंटीन संचालन समय के अलावा आदि किसी दुकान से भोजन या आपके किसी संबंधी या मित्र द्वारा भेजे गए भोजन को आपकी ओर से व्यवस्था की जा सकती है जोकि ड्यूटी अधिकारी या इंस्पेक्टरकी अनुमति या ऐसे भोजन का निरीक्षण करने के शर्ताधीन है।

**8. चिकित्सा देखभाल मांगना**

- यदि आप स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं तो चिकित्सा देखभाल दिया जाना।

**9. छोड़ने या बेल स्वीकार करने का अनुरोध करना (केवल पुलिस हिरासत में रखे गए लोगों पर लागू होता है)**

- छोड़ने या बेल स्वीकार करने का अनुरोध करना। (यदि मजिस्ट्रेट के आदेश से आपको रिमांड पर भेजा गया है तो छोड़ने या बेल देने का निर्णय मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा।)

***1 से 5 अधिकारों के लिए, आप अधिकारों के हक़दार हैं <u>बशर्ते</u> कि छानबीन की प्रक्रिया या न्याय करने में कोई अनुचित विलंब न हो या किसी कारणवश बाधा उत्पन्न होने की संभावना न हो।***

## गृह सुरक्षा

यद्यपि हांगकांग दुनिया के सर्वाधिक सुरक्षित शहरों में से एक है, आगमन करने वाले नए लोगों को अपनी संपत्ति की संरक्षा करनी चाहिए जैसे:

- सेंधमारों को दूर रखने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियाँ बंद रखना।
- अनजान व्यक्ति की पहचान की जांच किए बिना उन्हें अपने परिसर में आने की अनुमति न दें।
- आग से बचने के लिए घर छोड़ते समय खाना पकाने के यंत्रों को बंद कर दें।
- शिशुओं या छोटे बच्चों को कभी भी घर पर अकेला न छोड़ें।

अपराध रोकथाम और गृह सुरक्षा सलाह पर और जानकारी हांगकांग पुलिस की वेबसाइट पर मिल सकती है
www.police.gov.hk/ppp_en/04_crime_matters/cpa/index.html .